# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

अपने उत्तरों को समुचित चित्रों, रेखा-मानचित्रों और आरेखों की सहायता से स्पष्ट कीजिए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in two **SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches, maps and diagrams. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.*

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

(a) डेविस के प्रसामान्य चक्र और शुष्क चक्र के बीच अंतर ।

(b) झंझा महोर्मियों और सरतल दोलनों के बीच विभेदन कीजिए ।

(c) नोटोजिअन क्षेत्र में प्राणिजात की विलक्षणता ।

(d) अत्यंत नूतन हिमकाल का पृथ्वी की पर्पटी पर प्रभाव ।

(e) विशेषक्षेत्री पादपों के प्रकार और विलोपन के प्रति उनकी सुभेद्यता की मात्रा ।

Write short notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) Differences between Normal cycle and Arid cycle of Davis. *10*

(b) Differentiate Storm Surges and Seiches. *10*

(c) Uniqueness of fauna in the Notogean realm. *10*

(d) Impact of Pleistocene Ice Age on the crust of the Earth. *10*

(e) Types of endemic plants and their degree of vulnerability to extinction. *10*

**Q2.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हों :

(a) उपयुक्त उदाहरणों सहित, किसी क्षेत्र की जलवायु पर स्थानीय पवनों के प्रभाव को उजागर कीजिए ।

(b) वे कौन-से अभिलक्षण हैं, जो सी.एच.सी. (CHC) को पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक गंभीर ख़तरा बना देते हैं ? उदाहरण दीजिए ।

(c) 'निम्नतम तल' से क्या तात्पर्य है ? निम्नतम तल के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए ।

Answer the following in about 250 words each :

(a) With suitable examples, bring out the impact of local winds on the climate of an area. *20*

(b) What are the characteristics that make CHC a serious threat to the ecosystem ? Give examples. *15*

(c) What is 'Base level' ? Explain the types of base level. *15*

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

**Q3.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हों :

(a) "अपतट ध्वानिक अध्ययन ने समुद्र अधस्तल विस्तारण की संकल्पना के विकास में सहायता प्रदान की थी ।" स्पष्ट कीजिए ।

(b) ओसांक और संघनन के विभिन्न रूपों पर चर्चा कीजिए ।

(c) पर्वत जीवोम में जलवायु और वनस्पति के बीच के संबंध को उजागर कीजिए ।

Answer the following in about 250 words each :

(a) "Offshore Acoustic Study helped the development of the concept of sea floor spreading." Explain. 20

(b) Discuss Dew point and the various forms of condensation. 15

(c) Bring out the relationship between climate and vegetation in the Mountain Biome. 15

**Q4.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 400 शब्दों में हों :

(a) प्रवाल भित्तियों के विरचन पर अवतलन और हिमानी नियंत्रण सिद्धांतों की तुलना कीजिए ।

(b) रव प्रदूषण के स्तरों और उसका नियंत्रण करने के विधायी अध्युपायों को स्पष्ट कीजिए ।

Answer the following in about 400 words each : *25×2=50*

(a) Compare the Subsidence and Glacial control theories on the formation of coral reefs. 25

(b) Explain the levels of Noise pollution and the legislative measures to control it. 25

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

(a) "ऐलन चर्चिल सेंपल निर्धारणवाद का एक प्रचंड पोषक है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(b) तेल के उत्पादन और निर्यात में वेनेज़ुएला की भूमिका ।

(c) ग्रामीण – शहरी प्रक्रम की मिश्रा की सैद्धांतिक अवस्थाएँ ।

(d) नाभिकीय शक्ति की कामबंदी के मामले में सबसे ज़्यादा प्रभावित देश ।

(e) समकालीन संसार में केंद्र-स्थल सिद्धांत की प्रासंगिकता ।

Write short notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "Ellen Churchill Semple is an ardent supporter of Determinism." Explain. *10*

(b) Role of Venezuela in the production and export of oil. *10*

(c) Misra's theoretical stages of Rural – Urban Process. *10*

(d) Countries most affected in case of shut-down of Nuclear power. *10*

(e) Relevance of Heartland theory in Contemporary world. *10*

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

**Q6.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हों :

(a) जराचिकित्सा किसको कहते हैं ? वृद्धजन आबादी से संबद्ध क्या-क्या समस्याएँ होती हैं ?

(b) संसार में कॉफ़ी के उत्पादन और निर्यात के परिवर्तनशील प्ररूप पर चर्चा कीजिए ।

(c) क्रिस्टेलर के केंद्रीय स्थान मॉडल में आधारिक अभिधारणाएँ क्या हैं ?

Answer the following in about 250 words each :

(a) What is Geriatrics ? What are the problems associated with Geriatric population ? *20*

(b) Discuss the changing pattern of production and export of Coffee in the world. *10*

(c) What are the basic postulates in the Central Place Model of Christaller ? *20*

**Q7.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हों :

(a) "शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन महानगरीय योजनाकरण में सबसे बड़ी चुनौती प्रस्तुत करता है ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

(b) उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मत्स्यन क्षेत्रों के, तुलनात्मक दृष्टि से अल्प विकास के कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

(c) संसार में मानव विकास सूचकांक के आकलन और स्थानिक प्ररूप के लिए प्राचलों को स्पष्ट कीजिए ।

Answer the following in about 250 words each :

(a) "Urban Solid Waste Management poses the greatest challenge in Metropolitan planning." Elaborate. *20*

(b) Analyse the reasons for a comparatively poorer development of fishing grounds in tropical areas. *15*

(c) Explain the parameters for assessment and the spatial pattern of Human Development Index in the world. *15*

**Q8.** निम्नलिखित के विषय में लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 400 शब्दों में हों :

(a) "नगरीय भूगोल और कुछ नहीं केवल नगर "भीतर" क्षेत्र और नगर "के रूप में" क्षेत्र है ।" सविस्तार समझाइए ।

(b) विश्व व्यापार के प्ररूप में परिवर्तनों के कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

Write about the following in about 400 words each : *25×2=50*

(a) "Urban Geography is nothing but city "in" area and city "as" area." Elaborate. *25*

(b) Analyse the causes for changes in the pattern of world trade. *25*

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS